
पंजाब केसरी 16/09/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुआ प्रेरणा व्याख्यान

अम्बाला, 15 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए एक प्रेरणा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता सी.ओ. नितीश सिंह, वन एच.आर. हरियाणा ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा के महत्व पर प्रेरक विचार सांझा किए। उन्होंने कैडेट्स को लक्ष्य के प्रति समर्पण को मूल कुंजी बताया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान युवाओं को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और उन्हें समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एन.सी.सी. केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना विकसित करने का सबसे अच्छा माध्यम है। इस अवसर पर रघुवीर सिंह और चमकौर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 37 कैडेट्स ने भाग लिया और इसे अत्यंत सफल बनाया।




कैडेट्स को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)